# 'लर्निंग बाय डूइंग' कार्यक्रम

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता** सुधारने के उद्देश्य से **लर्निंग बाय डूइंग (LBD) कार्यक्रम** की शुरुआत की है।

## मुख्य बिंदु

- **LBD कार्यक्रम के बारे में:**
  - **उत्तर प्रदेश सरकार** द्वारा शुरू किया गया **'लर्निंग बाय डूइंग (LBD)' कार्यक्रम** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को **लकड़ी का काम, धातु का काम, ऊर्जा एवं पर्यावरण,** कृषि एवं बागवानी तथा **स्वास्थ्य और पोषण** जैसे क्षेत्रों में **व्यावहारिक प्रशिक्षण** प्रदान करता है।
  - इस कार्यक्रम के **पायलट चरण** में 15 **ज़िलों** के 60 स्कूलों में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े **5,937 छात्रों** को प्रशिक्षित किया गया। इस पहल के परिणामस्वरूप **विद्यार्थियों की उपस्थिति और सहभागिता** में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।
  - **वित्त वर्ष 2025-26** में सरकार इस कार्यक्रम को समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजनाओं के तहत **3,288 और स्कूलों** तक विस्तारित करने की योजना बना रही है।
    - **समग्र शिक्षा अभियान** के तहत क्रियान्वित यह पहल शिक्षा को **रोज़गारपरकता** और **जीवन-कौशल** से जोड़ने के **दृष्टिकोण** को दर्शाती है।
  - कार्यक्रम की **प्रभावी क्रियान्वयन** के लिये **बेसिक शिक्षा विभाग** ने **विज्ञान और गणित के शिक्षकों** को **चार दिवसीय बहु-कौशल प्रशिक्षण** प्रदान किया है।
  - यूनिसेफ और **विज्ञान आश्रम** के तकनीकी सहयोग से राज्य ने **60 कौशल-आधारित गतिविधियों** वाला एक **शिक्षक मैनुअल** विकसित किया है, जिसे **SCERT (राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद)** द्वारा **अनुमोदित** किया गया है।
- **स्कूलों में आधुनिक कौशल प्रयोगशालाओं का विस्तार:**
  - **शैक्षणिक वर्ष 2024-25** में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा **सभी 75 ज़िलों** के **2,274 उच्च प्राथमिक और समग्र स्कूलों** में **आधुनिक 'लर्निंग बाय डूइंग (LBD)' प्रयोगशालाएँ** स्थापित **की जाएंगी**।
  - इन प्रयोगशालाओं में **आधुनिक उपकरण** और **साजो-सामान** उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, **स्कूल प्रबंधन समितियों (SMC)** को इन **व्यावहारिक गतिविधियों** के संचालन में सहयोग हेतु **कच्चा माल** और **उपभोग्य वस्तुएँ** प्रदान **की जाएंगी**।

## समग्र शिक्षा अभियान

- **परिचय:**
  - केंद्रीय बजट 2018-19 में प्रस्तुत, **समग्र शिक्षा** एक व्यापक कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत समान शिक्षण परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **प्री-नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक** के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **योजनाओं का एकीकरण:** इसमें पहले की तीन योजनाएँ सम्मिलित हैं:
    - **सर्व शिक्षा अभियान (SSA):** सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा पर केंद्रित।
    - **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA):** इसका उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा है।
    - **शिक्षक शिक्षा (TE):** शिक्षकों के प्रशिक्षण पर केंद्रित।
  - **क्षेत्र-व्यापी विकास दृष्टिकोण:** इस अभियान के अंतर्गत खंडित परियोजना-आधारित उद्देश्यों के स्थान पर **सभी स्तरों (राज्य, ज़िला और उप-ज़िला) पर कार्यान्वयन** को सुव्यवस्थित किया गया है।
  - **सतत् विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण:** लैंगिक असमानताओं को समाप्त करते हुए और सुभेद्य समूहों (SDG 4.1) के लिये पहुँच सुनिश्चित करते हुए निःशुल्क, समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा **सुनिश्चित की जाती है** (SDG 4.5)।
- **कार्यान्वयन:**
  - यह केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) है, जिसका कार्यान्वयन **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर** पर **एकल राज्य कार्यान्वयन सोसायटी (SIS)** के माध्यम से किया जाता है।

## पीएम-श्री योजना

- **परिचय:**
  - भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 में शुरू की गई PM-SHRI योजना एक **केंद्र समर्थति पहल** है, जिसे [राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020] के कार्यान्वयन को प्रदर्शति करने हेतु वर्तमान स्कूलों में सुधार करके लगभग 14,500 से अधिक **PM-SHRI स्कूल स्थापति करने के लिये** डिज़ाइन किया गया है।
- **उद्देश्य:**
  - इसका प्राथमिक उद्देश्य एक **समावेशी** और **पोषणकारी परिवेश** तैयार करना है, जो प्रत्येक छात्र के **कल्याण तथा सुरक्षा को बढ़ावा** दे, **विविध शिक्षण अनुभव** प्रदान करे एवं **गुणवत्तापूर्ण बुनियादी अवसंरचना एवं संसाधनों तक अभिगम** प्रदान करे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/learning-by-doing-programme